## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–20.02.2025 (दोपहर–1455 बजे)

केंद्र ने आज एक विशेष गैर–संक्रामक रोग (एनसीडी) स्क्रीनिंग अभियान की शुरुआत की। अभियान का उद्देश्य 30 वर्ष और उससे ऊपर की आयु के सभी व्यक्तियों की पूरी तरह से स्क्रीनिंग करना है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य आम गैर–संक्रामक रोगों, जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, और तीन सामान्य कैंसर जैसे मुंह, स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के लिए सभी व्यक्तियों की स्क्रीनिंग करना है।

*******************

भारत–बांग्लादेश सीमा समन्वय सम्मेलन का 55वां निदेशक स्तर का सम्मेलन आज दिल्ली में संपन्न हुआ। सम्मेलन के दौरान सीमा पार अपराध, तस्करी, सीमा पर बाड़बंदी और अन्य मुद्दों पर दोनों देशों के बीच विस्तार से चर्चा की गई। सम्मेलन के बाद मीडिया को जानकारी देते हुए सीमा सुरक्षा बल के निदेशक जनरल दलजीत सिंह चौधरी ने कहा कि पिछले साल 5 अगस्त के बाद से भारत–बांग्लादेश सीमा पर घुसपैठ में काफी कमी आई है। उन्होंने कहा कि सीमा पर अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए अत्याधुनिक निगरानी प्रणाली की तैनाती के साथ निगरानी तंत्र को मजबूत किया गया है।

*******************

इधर, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और सरायकेला के भाजपा विधायक चंपाई सोरेन ने बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर एक बार फिर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। सरायकेला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने घुसपैठ के मामले में सरकार पर अदालत को गुमराह करने का आरोप लगाया है। श्री सोरेन ने यह भी कहा कि वे बहुत जल्द राज्य के आदिवासियों का अस्तित्व बचाने के लिए उलगुलान की शुरुआत करने वाले हैं।

*******************

रांची के नामकोम स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद – राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान की ओर से दो दिवसीय किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी आयोजन किया गया है। मौके पर राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की समारोह को संबोधित कर रही हैं।

*******************

झारखंड जगुआर का 17 वां स्थापना दिवस कल मनाया जाएगा। रांची के टेंडर ग्राम स्थित झारखंड जगुआर के कैंप में आयोजित कार्यक्रम में डीजीपी अनुराग गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

*******************

जमशेदपुर पश्चिम से जेडीयू विधायक सरयू राय ने बोकारो स्टील प्लांट के ऐश पोंड से छाई युक्त पानी कूलिंग पोंड में प्रवाह होने का मामला विधानसभा में उठाने की बात कही है। श्री राय ने बोकारो में मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह गंभीर मामला जिसे बोकारो स्टील प्रबंधन गंभीरता से नहीं ले रहा हैं।

*******************

दुमका का एतिहासिक जनजातीय हिजला मेला महोत्सव कल से शुरू होकर अगले शुक्रवार 28 फरवरी तक चलेगा। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

*******************

झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता सूरज कुमार के निधन पर झारखंड एडवोकेट्स एसोसिएशन के बैनर तले हाईकोर्ट के सभागार में शोक सभा का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि 18 फरवरी को झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता सूरज कुमार का आकस्मिक निधन हो गया था।

*******************

झारखंड के अधिकांश जिलों में आज सुबह से ही मौसम का मिजाज बदल गया। रांची समेत कई जगहों पर हल्की बारिश से तापमान में लगभग छह डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। सुबह में रांची में तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड दर्ज किया गया जबकि कल 29.8 डिग्री सेल्सियस था। हालांकि अब मौसम साफ हो गया है और धूप खिल गई है।

*******************

उधर, खूंटी जिले में आज सुबह आंधी और बर्फ के ओले गिरने से एथलेटिक्स स्टेडियम के गैलरी का पूरा छज्जा उखड़कर एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम पर आ गिरा। इससे एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम पूरी तरह से तहस नहस हो गया।

**********